मनरेगा कार्यों का निरीक्षण

झुंझुनूं, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाशचंद्र शर्मा ने सोमवार अलसीसर पंचायत समिति में मनरेगा योजना अंतर्गत करवाए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत हरिपुरा के खारिया गांव में चारागाह विकास कार्य, जोडली जोहड चारागाह विकास कार्य, धनूरी, रामसरा जोहड में कब्रिस्तान की चारदिवारी में समतलीकरण व पौधारोपण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ शर्मा ने मौके पर मेट, कनिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक को पेड़ों की घास काटकर थावले बनाकर समय पर पानी देने के निर्देश निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी विमल कुमार, कनिष्ठ तकनीकी सहायक नरेश कुमार, राजीव सैनी, नटवरसिंह एवं लेखा सहायक अफजल आदि उपस्थित रहे।

कृषि कार्य में नई तकनीक से नवाचार कर उपज बढ़ाएं : सुराणा

चूरू, (कासं)। कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित आत्मा परियोजना कार्यालय से कृषकों के पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सुराणा ने किसानों से संवाद किया और कृषि कार्य में नवाचारों और समस्याओं को लेकर चर्चा की।

सुराणा ने कहा कि कृषक अपनी कृषि गतिविधियों में नई वैज्ञानिक तकनीक से नवाचार कर अपनी उपज को बढ़ाएं। कृषक व्यावसायिक खेती पर फोकस करें। अंचल की मिट्टी एवं पानी की गुणवत्ता के अनुसार कृषि गतिविधियों को अपनाएं ताकि अधिकतम पैदावार हो तथा किसान समृद्ध बनें। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक तकनीक का अवलोकन करें तथा नई तकनीकी को सीख कर व्यवहार में लाएं। अंचल की कृषि पारिस्थितिकी तथा अपनी आर्थिक परिस्थितियों के मध्यनजर नवाचारी गतिविधियां करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिले के गाजसर गेनाणी व सरदारशहर गेनाणी आदि क्षेत्रों में एसटीपी के माध्यम से उपचारित पानी कृषि के लिए बेहतर है।

जिला प्रशासन द्वारा नालियोंए पाइप लाइन आदि के माध्यम से क्षेत्र के अधिकतर किसानों तक यह पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय स्थित आत्मा परियोजना कार्यालय से कृषकों के पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

किसान इस पानी को उपयोग में लें तथा अपनी पैदावार को बढ़ाएं। किसान इस पानी को अपने खेतों तक ले जाएं ताकि पानी का सर्वोत्तम उपयोग हो सके और इससे किसानों की आय बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में किसानों को अधिकतम लाभ मिले।

सुराणा ने कहा कि जिले में ग्रीन हाउस व नवीन तकनीकी आधारित कृषि गतिविधियों पर काम करें। इस दौरान उन्होंने भ्रमण में जाने वाले किसानों से उनके द्वारा की जा रही कृषि गतिविधियों और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा विचार-विमर्श किया। किसानों ने बिजली आपूर्ति नहीं होने, पानी व मिट्टी उपयुक्त नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर यथासंभव निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से कहा कि किसान अपनी समस्याएं कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना विभाग के अधिकारियों के माध्यम से जिला स्तर पर पहुंचाएं ताकि उनकी समस्याओं का समुचित निस्तारण हो सके।

आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. दीपक कपिला ने बताया कि पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल चूरू से झुंझुनूं, फतेहपुर, खाटू श्याम, अजमेर, पुष्कर व बस्सी केंद्र तथा राज्य के अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं प्रगतिशील कृषक प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण दल के साथ दल प्रभारी कृषि अधिकारी संजय पाल व सह प्रभारी कृषि पर्यवेक्षक कर्मवीर गोदारा भी साथ रहेंगे। इस अवसर पर कृषि संयुक्त निदेशक डॉ. जगदेव सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, प्रगतिशील किसान देवकिशन पारीक, भगवान सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी व कृषक मौजूद थे।

बेसहारों के सहारा बने डेरा श्रद्धालु

तारानगर (निसं)। डेरा सच्चा सौदा के वर्तमान गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा द्वारा चलाये जा रहे 167 मानवता भलाई कार्यों के तहत एवं उनकी पावन प्रेरणा पर चलते हुए तारानगर व राजपूरा ब्लॉक की साध संगत ने डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के पावन अवतार माह के शुभ अवसर पर क्षेत्र के भाग्य श्री अनाथ आश्रम मैं रह रहे लाचार, बेसहारा व अनाथ लोगों के लिए उनके काम आने वाली जरूरत की वस्तुएं भेंट की। तारानगर मानवता भलाई केंद्र प्रबंधक कमेटी सदस्य प्रभुदयाल इंसा व राजवीर इंसा ने बताया कि पूज्य गुरूजी की प्रेरणा से हम तारानगर व राजपूरा ब्लॉक के सेवादारों ने मिलकर आश्रम मैं रह रहे सभी बे सहारा लोगों कों चारपाई, गर्म पकडे, चप्पल व फल भेंट दिए है। अनाथ आश्रम के संचालक सुभाष पूनियाँ व उनकी टीम ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा धन्य है ऐसे गुरूजी जिनकी शिक्षा पर चलते हुए आज कलयुग मैं उनके सेवादार मानवता की सेवा मैं जी जान से लगे हुए है। ज्ञात रहे कि सुभाष पूनियाँ स्वयं दोनों पैरों से विकलांग है एवं अपना जीवन अनाथ बेसहारा, लाचार गरीबो के लिए अर्पण कर रखा है एवं दिन रात इनकी सेवा में ही लगे हुए हैं। इस मौके पर प्रेमचंद, दीपचंद, रेशमा, भगवानाराम, जगदीश, राजपाल, गोविन्दराम, रामचंद्र, भुगानाराम, भानीराम, किशन, मनोज सहित अनाथ आश्रम की टीम सदस्य मौजूद रहे।

सार-समाचार

लापता बच्चे को पुलिस ने दस्तयाब किया

खेतड़ी, (निसं)। मेहाडा थाना क्षेत्र के बांसियाल गांव से चार दिन पहले लापता हुए बच्चे को पुलिस ने सोमवार को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने बच्चे को दिल्ली के रेलवे स्टेशन से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि बांसियाल निवासी सत्येंद्र ने एक नवंबर को थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि उसका बेटा नवीन कुमार 28 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चला गया। इस दौरान परिजनों ने उसकी काफी तलाश की तथा रिस्तेदारी, पहाड़ी क्षेत्र में खोजने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। थाने में मामला दर्ज होने के बाद सीकर एसपी भूवन भूषण यादव के निर्देश पर एएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने एक विशेष टीम का गठन कर बच्चे का सुराग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस की टीम ने अपहृत बालक की तलाश में मेहाड़ा जाटुवास, शिमला, निजामपुर के ईंट भट्ठे, होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। वहीं हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने हरियाणा व दिल्ली की स्पेशल टीमों से सम्पर्क कर बच्चे के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुआ बच्चा दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर है। इस दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा बच्चों की जानकारी जुटाकर उसे बरामद कर लिया। पुलिस की टीम ने बच्चे को थाने लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि बच्चे के लापता होने को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति यदि इस वारदात में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सरदारमल चौधरी, एएसआई ताराचंद, एचसी हरिराम, सागरमल, कांस्टेबल बनवारीलाल आदि शामिल थे।

पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने आक्रामक अंदाज में ओला परिवार पर हमला बोला

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं उप चुनावों में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में है। उनके निशाने पर लगातार कांग्रेस और ओला परिवार है। बीती रात को ईदगाह मैदान में हुई सभा में भी राजेंद्र सिंह गुढ़ा आक्रामक अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि वे तो पूर्व में घोषणा कर चुके थे कि यदि कांग्रेस किसी भी मुसलमान को टिकट देगी तो वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन ओला परिवार अपनी वंशवाद की राजनीति कर रहा है। अयूब खान जब कांग्रेस से झुंझुनूं के सांसद हुआ करते थे। तो शीशराम ओला ने तिवाड़ी कांग्रेस से चुनाव जीतकर एक मुसलमान को हराने का काम किया। यही नहीं बाद में इसी ओला परिवार ने खुद कांग्रेस की टिकट मुसलमान के हाथ से छीनी। जो मुसलमान पार्लियामेंट में प्रतिनिधित्व करता था। उस पर खुद कब्जा कर दिया। राजेंद्र गुढ़ा का जो भाषण वायरल हो रहा है उसमें गुढा कह रहे हैं कि हमारे सामने रास्ता था, हम भाजपा की सरकार बना सकते थे। लेकिन जिस तरह की सांप्रदायिक सोच, भाई को भाई से लड़ाना। मैं जिंदगी के अंदर भाजपा जैसी सांप्रदायिक पार्टी के अंदर संबंध नहीं रखूंगा। जब तब जिंदा रहूंगा संबंध नहीं रखूंगा। आपको बताना चाह रहा हूं। कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीतकर एमएलए बनकर मानेसर जब हमारे बृजेंद्र ओला जी गये थे। नरेंद्र मोदी की गोद में बैठ गए थे। क्या ये गुंडागर्दी नहीं है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था। ओन द रिकॉर्ड कह रहा हूं। मीडिया के लोग खड़े है। कि इन लोगों ने 15-15 करोड रूपए की पहली किश्त ले ली थी। बृजेंद्र ओला के उपर अशोक गहलोत ने 15 करोड रूपए नरेंद्र मोदी अमित शाह से लेकर अपने घर पर रखने का आरोप लगाया है।

आज डिप्टी सीएम दिया कुमारी और मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ झुंझुनूं आएंगे

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा उप चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू के दौरे में जनसैलाब उमड़ रहा है। भांबू के चुनावी दौरे में जनता का भरपूर समर्थन मिलता नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू ने प्रतापपुरा पंचायत के चारणवास, आदर्श नगर, देसूसर, समसपुर, प्रतापपुरा गांवों से जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू किया। देसूसर गांव में आयोजित कार्यक्रम में भांबू का भारी संख्या में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए राजेंद्र भांबू ने कहा कि भाजपा का जो मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जनता में खरा उतर रहा है। भांबू ने मौके पर सभा में उपस्थित लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं भी सुनी और समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान भांबू को लड्डुओं से तोला गया। इसके बाद प्रतापपुरा पहुंचे भांबू का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और केलों से तोलकर अभिनंदन किया। इस दौरान खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, चुरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता बबलू चौधरी, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, उप जिला प्रमुख सत्यवीर गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने भी कार्यक्रम को संबोधन किया। संचालन सतपाल भैड़ा ने किया।

आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

चूरू, (कासं)। स्थानीय अगुना मोहल्ले के प्रेमचंद ने एसपी को ज्ञापन देकर अपने भतीजे नरेन्द्र प्रजापत की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। दिये गये ज्ञापन में बताया कि उसके भतीजे नरेन्द्र प्रजापत पुत्र भींवराज के साथ एक नवम्बर को रात्रि में अमित उर्फ मितला निवासी ग्राम बूटिया, शुभम ढाका निवासी बास व तीन-चार अन्य व्यक्तियों ने एक राय होकर सरिए व डण्डों से मारपीट की, जिस कारण उसके भतीजे नरेन्द्र प्रजापत की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। सदर थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ है। ज्ञापन में बताया कि मुलजिमान अभी भी सरेआम हत्या करके खुलेआम घूम रहे हैं। परिवार वालों पर इस मुकदमा में राजीनामा करने के लिए दबाव दे रहे हैं तथा धमकियां दे रहे हैं। प्रेमचंद ने बताया कि सदर थाना पुलसि ने उन्हें झूठा आश्वासन दिया कि सभी मुलजिमान गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं के लिए मासिक शिविर सात नवम्बर को

सीकर (निसं)। पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 7 नवम्बर 2024 को प्रात: 11 बजे अटल सेवा केन्द्र, गोठडा भूकरान में आयोजित किया जावेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला सीकर ने बताया कि नजदीकी गावों के समस्त पूर्व सैनिक, युद्ध वीरांगनाएं एवं उनके आश्रित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निदान करवा सकते हैं।

स्थायी वारंटी सहित एक गिरफ्तार

चिड़ावा (निसं)। चिड़ावा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 54 पव्वों सहित आरोपी विक्की व फरार स्थाई वारंटी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया। चिड़ावा थाना अधिकारी विनोद सामरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कॉलेज ग्राउंड के पास राजधानी होटल के सामने झुंझुनूं रोड पर एक व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर ताराचंद टीम के साथ रवाना होकर मौके पर पहुंचे तो एक व्यक्ति अपने कन्धे पर प्लास्टिक का कट्टा लेकर ओजटू की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। आरोपी को रोक कर नाम पता पूछा तो अपना नाम विक्की पुत्र भंवरलाल जाति बंजारा निवासी नरसिंहपुरा होना बताया। व्यक्ति के पास मिले कट्टे को चैक किया तो कटटे में ढोला मारू देशी शराब के 54 पव्वे मिले।

कलशयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चूरू, (कासं.)। राजोतिया परिवार की ओर से धानुका धर्मशाला में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा साध्वी करुणागिरी के सानिध्य में गढ़ स्थित गोपालजी के मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए धानुका धर्मशाला पहुंची।

इस दौरान मुख्य यजमान विजय राजोतिया ने सपत्निक श्रीमद् भगवत कथा के साथ कलश यात्रा में शामिल हुये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलायें अपने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई। यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर साध्वी करुणागिरी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से व्यक्ति को ज्ञान की प्राप्ति होती है और ज्ञान से जीवन सुगम होगा। इससे ईश्वर की भक्ति में मन लगेगा। उन्होंने कहा कि इस कलश यात्रा से यह प्रतीत हुआ कि चूरूवासी धर्म के प्रति सजक हैं।

धानुका धर्मशाला में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ।

कमल राजोतिया ने बताया कि सोमवार 4 नवंबर से 10 नवंबर तक दोपहर 2 से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर लीलाधर राजोतिया, राजकुमार जांगिड़, मनोज कुमार, विनोद कुमार, राधेश्याम भदानिया, शंकरलाल खंडेलवाल, विश्वनाथ सिल्क, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, नीरज रोलीवाल, ओम प्रकाश राजोतिया सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व गणमान्य जन उपस्थित थे।

हरपालू कुबडी गांव में पेयजल संकट गहराया

सादुलपुर, (निसं)। तहसील के हरपालू कुबडी गांव में पानी की समस्या लगातार गहराती जा रही है। वहीं पिछले कुछ महीनों से गांव में पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

इस गंभीर समस्या को लेकर सोमवार दोपहर दो बजे के आसपास गांव के कई लोग एकजुट होकर उपखण्ड कार्यालय राजगढ पहुंचे और एसडीएम के सामने अपनी परेशानी रखी। उन्होंने पानी संकट के जल्द समाधान की मांग करते हुए एक लिखित शिकायत भी दी।

ग्रामीणों का कहना है कि हरपालू ताल में बनी पानी की टंकी से अब पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। पानी की

■ एसडीएम राजगढ को ज्ञापन दिया, समाधान नहीं होने पर आदोलन की चेतावनी दी

कमी के कारण उन्हें रोजाना दूर-दराज के क्षेत्रों से मंहगे दामों में खरीद कर पानी लाना पड रहा है।

कई बार तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि उन्हें कई घंटों तक पानी का इंतजार करना पडता है। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पडता है।

गांव के लोगों ने बताया कि यह समस्या अचानक नहीं आई है, बल्कि पिछले कुछ महीनों से पानी की आपूर्ति में कमी होती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस संकट को हल करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे बडा जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं एसडीएम राजगढ मीनू वर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि इस मामले की जांच की जाएगी और पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

प्रशासन ने पानी की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश देने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर विजय सिंह, जय सिंह, बलवान, सुरेन्द्र, सुभाष, कृष्ण कुमार, अमर सिंह व दलेल सिंह सहित अन्य ग्रामीणजनों को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एसडीएम राजगढ को दिया गया।

अंबेडकर नगर में 90 लाख की ज्वैलरी और नगदी चोरी

झुंझुनूं, । शहर की चूरू रोड पर स्थित अंबेडकर नगर में बीती रात चोरों ने एक मकान में चोरी की बडी वारदात को अंजाम दिया है। चोर करीब 80 से 90 लाख रूपए की ज्वैलरी और नगद ले गए। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक अंबेडकर निवासी भागीरथमल कुमावत बीती रात को अपनी पत्नी व बेटे-बहू के साथ अपने दूसरे मकान में थे। वहीं पर सो गए। सुबह जब उनकी पत्नी घर आई तो घर के अंदर बने तीनों बेटों के कमरों का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। वहीं कमरों में रखे जेवरात व नगदी भी चोरी थे। इसके बाद मौके पर भागीरथमल कुमावत के बेटे नरेश और बहू संतोष भी पहुंची। भागीरथमल कुमावत ने बताया कि उसने अपने जीवनभर की कमाई घर पर रख रखी थी। जिसे चोर ले गए। चोर भागीरथमल कुमावत और उसके तीनों बेटे-बहू के सारे जेवरात व नगदी ले गए। करीब आधा किलो सोने, पांच किलो चांदी के जेवरात के अलावा ढ ाई लाख रूपए नगदी बताई जा रही है। भागीरथमल कुमावत की मानें तो चोर करीब 80 से 90 लाख रूपए का सामान ले गए। जिसके बाद अब वे सड़क पर आ गए है। चोर घर में रखा सिक्कों का एक कट्टा और बच्चों के गुल्लक तक भी अपने साथ ले गए।

सफाई मजदूरों का नगर परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन

झुंझुनूं, (निसं)। सफाई मजदूरों की भर्ती में आवेदन करने वाले सफाई मजदूरों ने अनुभव प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर सोमवार को झुंझुनूं नगर परिषद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सफाई मजदूर और सफाई कार्य में लगे वाहनों के चालक अचानक अपना काम छोड़कर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र हटवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके बाद आयुक्त मुकेश कुमार के साथ वार्ता की। जिसमें विजेंद्र हटवाल ने कहा कि ईएसआई और ईपीएफ की जो लिस्ट है। वो अभी एक-डेढ़ साल से बनी है। इससे पहले से भी सफाई मजदूर सफाई कार्य में लगे हुए है। जिनके अनुभव प्रमाण पत्र बनाने चाहिए। इसके अलावा सफाई कार्य में लगे वाहन चालकों के भी अनुभव प्रमाण पत्र बनाने की मांग की। वार्ता के बाद आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि वे पहले ईपीएफ और ईएसआई की लिस्ट के अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इसके बाद जो भी आवेदन आएंगे। उनके नियमानुसार अनुभव प्रमाण पत्र बना दिए जाएंगे। हटवाल ने बताया कि यदि आयुक्त उनकी मांगों को नहीं मानेंगे। तो आंदोलन किया जाएगा।

शिक्षा से ही समाज तरक्की के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है : खान

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित मदरसा जामिया अरबिया इस्लामिया दारुल उलूम में राजस्थान कायमखानी शोध संस्थान की ओर से 15वां राज्य स्तरीय कायमखानी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह में 248 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ख्यातनाम कायमखानी पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में संस्थान ने अपने सर्वोच्च सम्मान कायम रत्न से इतिहासकार व शिक्षाविद् मकबूल खान और समाजसेवी करामत खान उर्दू अदीब को प्रशस्ति.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्था अध्यक्ष हाजी रणजीत खान ने कहा कि शिक्षा से ही समाज तरक्की के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। शिक्षा के बिना सफलता प्राप्त नहीं हो सकती।

मुख्य वक्ता रिटायर्ड आईपीएस डॉ. हबीब खान गौराण ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएस जाकिर हुसैन खान ने कहा कि हमारी पहली जिम्मेदारी है कि हम हमारे लड़के-लड़कियों को दीनी व

जिला मुख्यालय स्थित मदरसा जामिया अरबिया इस्लामिया दारुल उलूम में राजस्थान कायमखानी शोध संस्थान की ओर से 15वां राज्य स्तरीय कायमखानी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

दुनियावी शिक्षा दिलाएं। विशिष्ट अतिथि पूर्व अतिरिक्त आयुक्त शौकत अली खान ने कहा कि माता-पिता का पहला कर्तव्य है कि अपनी संतान को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें। संस्था अध्यक्ष हाजी रणजीत खान ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अयूब खान, एडिशनल एसपी इस्माइल खान, असलम खान अलीपुर, डॉ. सारा खान, एडवोकेट हकीम अहमद खान, हाजी याकूब थीम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पूर्व जिला आबकारी अधिकारी नूर मोहम्मद खान, आरिफ खान एबीएस मोटर्स, साबिर खान खोखर, जाकिर खान केके, उस्मान गनी खान, सलीम खान दिलावरखानी, हाजी अहमद खान, मुफती इरशाद कासमी, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष शमशाद खान जाबासर, मोहम्मद अली पठान, हबीब खान, आरिफ खान, जाफर खान, अयाज खान, हाजी गन्नी खान, अयूब खान चायल, गफार खान, महबूब खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

मनके मुकेश कुमार पुत्र श्री प्रभुराम उम्र 41 साल जाति नाई निवासी देवीपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) का स्थाई रूप से निवासी हूँ जो नीचे लिो तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूँ-1. यह कि मेरा पुत्र प्रवीण कुमार उम्र 19 वर्ष जो कि आवारा व बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो कि आये दिन झगडा प्रसाद करता रहता हैं। व बदमाश लोगों के साथ रहता है व उठ बैठ करता है। मैं व मेरा परिवार मेरे पुत्र प्रवीण कुमार से परेशान हो गये है। आज दिनांक 04.11.2024 से मैं व मेरा परिवार मेरे पुत्र प्रवीण कुमार को मेरी चल व अचल सम्पत्ति से बेदाल करता हूँ। आज के बाद प्रवीण कुमार जो कोई भी कार्य करेगा उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। आज के बाद मेरे पुत्र से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं इसको मेरे परिवार से व मेरी सम्पत्ति से बेदाल करता हूँ। मेरा पुत्र किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय से मेरा व मेरे परिवार का नाम लेकर कोई किसी प्रकार का लेनदेन करता है या किसी प्रकार की आपराधिक घटना कारित करता है तो उसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। सूचित रहे।

शपथग्रहित, मुकेश कुमार पुत्र श्री प्रभुराम उम्र 41 साल, जाति नाई निवासी देवीपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

मनके रणसिंह पुत्र देयीराम उम्र 72 वर्ष, जाति नायक निवासी धानोठी बड़ी तहसील सिद्धमुा जिला चूरू (राज.) का है जो निम्न तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूँ- 1. यह कि मेरे पुत्र का नाम देवेन्द्र पुत्र रणसिंह है जो वर्तमान में हमारे साथ गांव धानोठी बड़ी तहसील सिद्धमुा में रहता है। मेरा पुत्र देवेन्द्र मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा आवारा किस्म के लोगों के सम्पर्क में रह रहा है। मेरा उक्त पुत्र देवेन्द्र काफी समय से जानवी मेहरा पुत्री धर्मेश मेहरा निवासी जयपुर (राज.) को भी अपने साथ राता है। मेरा पुत्र तथा उसके साथ रहने वाली जानवी मेहरा बिना किसी कारण के मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा करते है तथा झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते है। मेरी पुत्री मनीषा भी मेरे पुत्र देवेन्द्र व जानवी मेहरा के कहने में है। जिस कारण में मेरे पुत्र देवेन्द्र, जानवी मेहरा तथा मेरी पुत्री मनीषा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदाल करता हूँ तथा भविष्य में इनसे कोई संबंध नहीं रूंगा। उक्त तीनों कोई भी गलत कार्य करते है इसमें मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। दिनांक 04.11.2024

शपथगृहीता, रणसिंह पुत्र देयीराम उम्र 72 वर्ष, जाति नायक, निवासी धानोठी बड़ी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

मनके जयसिंह आयु 64 वर्ष पुत्र श्री दानीराम जाति जाट निवासी बेवड तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) का हूँ जो शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि-1. यह कि सुनील कुमार मेरा पुत्र है, जो शराबी व आवारा प्रवृत्ति के लोगों की संगत में रहता है, झगडा फसाद करता रहता है, लोगों से मेरे नाम से रूपये, सामान उधार ले लेता है और वापिस मांगने पर उनसे झगडा फसाद करता है। मेरे द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहा है। मुझे व मेरी पत्नी के साथ आये दिन मारपीट करता रहता है। इस कारण मैंने आज दिनांक 22.10.2024 को मेरे पुत्र सुनील कुमार को मेरे परिवार से अलग कर दिया है और मेरी सभी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदाल कर दिया है। मेरे पुत्र सुनील कुमार का मेरी चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व अधिकार नहीं रहा है। मेरे पुत्र से कोई किसी प्रकार का व्यवहार करेगा, लेन देन करेगा तो उसकी मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। किसी के साथ झगडा फसाद करता है तो हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। मैं सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ। सूचित रहे।

शपथग्रहिता

जयसिंह आयु 64 वर्ष पुत्र श्री दानीराम जाति जाट निवासी बेवड तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई - निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 21.11.2024 को 15:00 बजे तक खुली **ई - निविदा आमंत्रित करते है :- निविदा संख्या: 138 to 142-24-25, दिनांक 30.10.2024. क्र सं : 1. निविदा संख्या: 138. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ - प्रथम के अधीन हनुमानगढ़ में ट्रैक की संरक्षा एवं अतिक्रमण में बचाने के लिए आरसीसी बाउण्ड्री वॉल (2.30 किमी.) का निर्माण करना। **अनुमानित लागत मूल्य.:** रु. 20124372.15. **धरोहर राशि:** रु. 250600.00. **क्र सं : 2. निविदा संख्या: 139. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ - प्रथम के अधीन बैलास्ट डिपो हनुमानगढ़ में आरडीएसओ ट्रेक बैलास्ट स्पेशिफिकेशन आइएस / आरडीएसओ - जी ई / 0001:2023 फरवरी - 2023 के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन द्वारा तोड़ी गयी रोड़ी गई 55580 घनमीटर रोड़ी की सप्लाई करना और उसकी रेलवे वैगनस / होपरस में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य.:** रु. 114648756.60. **धरोहर राशि:** रु. 723300.00. **क्र सं : 3. निविदा संख्या: 140. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ - प्रथम के नियंत्रण में मंडल इंजीनियर / उत्तर के क्षेत्राधिकार में कोल्ड वेदर पेट्रोलिंग हेतु पेट्रोलमेन की आउटसोर्सिंग का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य.:** रु. 4655727.73. **धरोहर राशि:** रु. 93100.00. **क्र सं : 4. निविदा संख्या: 141. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, उ. प. रेलवे, रतनगढ़ के नियंत्रण में मंडल इंजीनियर / दक्षिण के क्षेत्राधिकार में कोल्ड वेदर पेट्रोलिंग हेतु पेट